दिनांक–27 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदेश सहित अट्ठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को प्रदान किए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार। कहा–देश भर के बच्चों को प्रोत्साहित करेगा यह पुरस्कार।
- प्रदेश भर में वीर बाल दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम। लखनऊ में कीर्तन समागम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– त्याग और बलिदान का भाव रखनें वालों का ही बनता है इतिहास।
- एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि समाप्त। इकतीस दिसम्बर को मतदाता सूची का होगा अनन्तिम प्रकाशन।
- इकतीस दिसम्बर को अयोध्या में मनायी जायेगी भगवान श्रीरामलला की दूसरी वर्षगांठ–प्रतिष्ठा द्वादशी। आज से शुरू होंगे धार्मिक अनुष्ठान।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। ये पुरस्कार बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल तथा कला के क्षेत्र में प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार इन सभी के साथ–साथ देश भर के बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे।

***पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में सबसे कम आयु की बेटी वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका केवल सात वर्षों की है, ऐसी प्रतिभाशाली बच्चों के बल पर भारत को विश्व पटल पर तेज पावर हाउस माना जा रहा है।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखते हुए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। नई दिल्ली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि जेन–जी और जेन–अल्फा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होंगे। श्री मोदी ने कहा कि मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

***स्पेस इकोनॉमी को आगे बढ़ाना, खेलों को प्रोत्साहित करना, फिनटेक और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को विस्तार देना, स्किल डेवलपमेंट और इंटर्नशिप के अवसर तैयार करना, इस तरह के हर प्रयास के केंद्र में मेरे युवा साथी ही हैं।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बाल पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई दी। आगरा निवासी नौ वर्षीय अजय को अपने पिता को मगरमच्छ के हमले से बचाने में असाधारण वीरता दिखाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

***मेरे पापा छीने चराने गए, चिमल के किनारे प्यास लगी सो पानी भर रहे थे इसलिए पीछे से मगर ने पैर पकड़ लिया तभी मेरे पापा इल्लाए सो मैं लाठी लेकर कूद गया, मैंने 10–15 लाठी मारी तो वह मेरे पर टूटा तो मैं निकल गया, मेरे पापा भी निकल गया। बहुत खुशी हो रही है हमको तो।***

वहीं बाराबंकी जनपद के सिरौली गौसपुर तहसील के डलाई का पुरवा गाँव की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में अनूठे प्रयोग के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूजा ने किसानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक धूल रहित थ्रेसर का मॉडल बनाया था।

**********

वीर बाल दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में वीर बाल दिवस एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने देश भर के सिख समाज की भावना को स्वीकार करते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो।

***इतिहास उन्हीं का बनता है, जिनके मन में त्याग और बलिदान का योगदान होता है, करने की इच्छा शक्ति होती है। इतिहास उनका नहीं बनता है, जो तात्कालिक स्वार्थ के लिए समर्पण कर देते हैं। देश समर्पण से नहीं चलता है, देश तो त्याग और बलिदान से होता है। भारत का इतिहास उसी त्याग और बलिदान का इतिहास है और हम कह सकते हैं सिख गुरुओं की परंपरा केवल एक सामान्य परंपरा नहीं है, यह असाधारण है।***

**********

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी बढ़ा दी गई है।

***सौ से सवा सौ दिन हम रोजगार कर रहे हैं तो पैसे भी ज्यादा लगेंगे। इस साल प्रस्तावित बजट था 25–26 का 88 हजार करोड़ अब जो प्रस्तावित है वो है एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रूपया। अकेले केन्द्र सरकार 95 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा रूपया इसमें खर्च करेगी। गांव में विकास के सारे काम इस योजना के माध्यम से किए जाएंगे।***

**********

प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि कल समाप्त हो गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर नवदीप रिणवा ने बताया कि अब ड्रॉफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद इकतीस दिसम्बर से तीस जनवरी तक मतदाता सूची के संदर्भ में दावे व आपत्तियां ली जायेंगी। इसी तरह इकतीस दिसम्बर से इक्कीस फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिये जायेंगे, जिनके रिकॉर्ड वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची से नहीं मिल पाये हैं। श्री रिणवा ने बताया कि दावे व आपत्तियों के निस्तरण के बाद अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन अट्ठाइस फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि, जिनका नाम वर्ष दो हजार पच्चीस की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म छः भर कर मतदाता बन सकते हैं। इसी तरह जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके, ऐसे लोग भी फार्म छः भर कर मतदाता बन सकते हैं। हलांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा, जिसमें गणना प्रपत्र की तरह ही दो हजार तीन का रिकॉर्ड देना होगा।

**********

अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी, इस वर्ष 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि आज से धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो जाएगी।

***योगा योग ऐसा है, सन 2025 में 11 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी का दिन था। परंतु 2025 वर्ष में ही 31 दिसंबर पौष शुक्ल द्वादशी है। प्रतिष्ठा द्वादशी द्वितीय पाटोत्सव हमारे आयोजन हिंदी पंचांग के अनुसार भारतीय पंचांग के अनुसार होंगे। हम अपने आयोजन 27 दिसंबर से प्रारंभ करेंगे और कुछ आयोजन 31 तारीख को पूरे हो जाएंगे। कोई आयोजन 1 जनवरी को पूरा होगा और कोई दूसरा आयोजन 2 जनवरी को पूरा हो जाएगा।***

**********

पुणे के 'फ़िल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया–एफटीआईआई' के तत्वावधान में कल लखनऊ में पाँच दिवसीय 'बेसिक कोर्स इन फ़िल्म एप्रिसिएशन' का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर एफटीआईआई के कुलपति धीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ में एफटीआईआई की उपस्थिति को बढ़ाने की दिशा में संस्थान का यह पहला कदम है।

***65 साल के अपने इतिहास में एफटीआई ने बहुत काम किए पर किसी ना किसी तरीके से उत्तर भारत में हमारे पद चिन्ह थोड़ा कम पड़े। तो यह पहला ऐसा स्टेप है जो हम लोग लखनऊ में ले रहे हैं। इसीलिए चूस भी हम लोगों ने फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स किया है बजाय किसी टेक्निकल कोर्स को चूज करने के तो यह वजह थी कि यहां आना और मुझे यहां के उत्साह को देखते हुए लगता है कि यह एक अच्छा कदम है।***

**********

प्रदेश भर में घने कोहरे और भीषण ठंड का सिलसिला जारी है। घने कोहरे का असर रेल और वायु यातायात पर भी पड़ रहा है। बड़ी संख्या में ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों विलम्ब से चल रही हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जनपदों में आगामी तीन दिनों तक के लिए घने कोहरे और शीत दिवस का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********